वी.यू. – पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के छात्रों ने आर.डी.सी. कैंप दिल्ली में जीता गोल्ड एवं सिल्वर मेडल

पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय महू के 2 एम.पी.आर. एंड वी यूनिट के अंतर्गत छात्रों ने रिपब्लिक डे कैंप दिल्ली में गोल्ड मेडल, बेस्ट ट्राफी एवं सिल्वर मेडल टेंट पैकिंग इवेंट में जीता। द्वितीय वर्ष छात्र राहुल बघेल रैंक सार्जेंट एवं तृतीय वर्ष छात्र अंकित खरते रैंक अंडर ऑफिसर सर्वप्रथम दुर्ग में आयोजित पी.आर.डी.सी. यूनिट की तरफ से चयनित हुए। दुर्ग में जबलपुर, महू, रीवा एवं दुर्ग पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय से 27 छात्रों द्वारा भाग लिया गया था। इनमें से आठ छात्रों का चयन रिपब्लिक डे कैंप दिल्ली के लिए हुआ। जिनमें से दो छात्र महाविद्यालय महू के भी थे। आरडीसी दिल्ली में विभिन्न यूनिट से देश भर के 54 छात्र सम्मिलित हुए। महाविद्यालय के एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. पवन महेश्वरी ने बताया कि सार्जेंट राहुल बघेल द्वारा टेंट पैगिंग इवेंट में गोल्ड मेडल एवं बेस्ट ट्रॉफी जीती गई वहीं अंडर ऑफिसर अंकित खरते ने टेंट पैकिंग पैगिंग में सिल्वर मेडल जीता। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी जी ने हर्ष व्यक्त किया तथा कुलपति जी ने तथा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. बी.पी. शुक्ला ने छात्रों को बधाई दी।